दो बिस्किट का नाश्ता, जली-कच्ची रोटियां

छात्राओं ने कमिश्नर-कलेक्टर के सामने खोली पोल,अधीक्षिका को नोटिस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। ब्लॉक मुख्यालय देवसर के अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास क्रमांक-2 में शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने अधिकारियों के सामने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी।

संभाग आयुक्त रीवा एवं कलेक्टर सिंगरौली शनिवार को छात्रावास के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान छात्राओं से संवाद करते हुए जब उनकी समस्याएं जानी गईं तो बालिकाओं ने भोजन, नाश्ता और छात्रावास संचालन को लेकर गंभीर शिकायतें सामने रखीं। छात्राओं का आरोप है कि जुलाई से नाश्ते के नाम पर केवल दो बिस्किट दिए जा रहे हैं। भोजन में रोटियां कभी जली तो कभी कच्ची मिलती हैं। इतना ही नहीं, छात्राओं को अपनी थालियां तक स्वयं धोनी पड़ती हैं। विरोध करने या शिकायत करने पर वार्डन द्वारा धमकाने का भी आरोप लगाया गया। छात्राओं की शिकायतें सुनकर छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर कमिश्नर ने अधीक्षिका को कड़ी फटकार लगाई। अधीक्षिका को नोटिस जारी करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।

निरीक्षण में सामने आई स्थिति ने छात्रावासों में प्रशासनिक निगरानी की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि जिले के छात्रावासों में अभी एक्का-दुक्का का पोल खुला है। सूत्र बताते हैं कि इसी तरह कई छात्रावासों में भर्रेशाही मची हुई है।

महीने भर शिकायत के बाद भी स्थिति जस की तस

चितरंगी तहसील के राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक छात्रावास बर्दी में छात्रों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों का मामला अब विभागीय कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर रहा है। शिकायत सामने आने के बाद जांच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी अधीक्षक की कार्यप्रणाली की जांच शुरू होने या पूरी होने की कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इधर छात्रों ने भोजन व्यवस्था को लेकर सवाल करने पर अधीक्षक पर कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप भी लगाए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए उनकी वास्तविकता निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आ सकती है। वहीं छात्रों के अनुसार भोजन व्यवस्था को लेकर यह भी कहा गया कि पैसा नहीं आ रहा है और अपनी जेब से खर्च कर बच्चों को भोजन कराया जा रहा है।

सहायक आयुक्त की भूमिका पर सवाल

इधर यहां बताते चले कि पिछले महीने बैढ़न के अजा कन्या छात्रावास की छात्राओं ने भी कलेक्टर से मुलाकात कर पानी, भोजन, नाश्ता और अधीक्षक के कथित दुर्व्यवहार को लेकर शिकायत की थी। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को जांच के निर्देश दिए थे, लेकिन करीब डेढ़ महीने बाद भी जांच में क्या कार्रवाई हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। इस संबंध में सहायक आयुक्त से कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि छात्रावासों की समस्याओं पर शिकायत के बाद कार्रवाई कागजों तक सीमित है या वास्तव में व्यवस्था बदलने की कोशिश हो रही है। देवसर छात्रावास में अधिकारियों के सामने छात्राओं द्वारा बताई गई स्थिति ने जिला प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अभिलेखों के संधारण न होने पर कमिश्नर नाराज

आरईएस दफ्तर का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिकारियों ने कार्यपालन यंत्री कार्यालय एवं स्थापना कक्ष का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के समुचित रख-रखाव नहीं पाए जाने पर कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों का व्यवस्थित एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संधारण सुनिश्चित किया जाए।

नस्तियों की आवक-जावक पंजी में दिनांक अनिवार्य रूप से अंकित करने तथा नस्ती प्रस्तुत करते समय भी उसकी प्रस्तुति की तारीख दर्ज करने के निर्देश दिए गए, ताकि नस्ती के प्रस्तुत होने की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नस्ती की नोटशीट पर भी दिनांक अनिवार्य रूप से अंकित की जाए।

निर्माण कार्यों के प्राक्कलन नहीं मिले अंकित

निरीक्षण के दौरान नस्तियों एवं निर्माण कार्यों के लिए तैयार किए गए प्राक्कलनों में दिनांक अंकित नहीं पाए जाने पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालयीन अभिलेखों एवं प्रकरणों के संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ संघप्रिय एवं अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर में

आज फिर शुरू होगा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

देवसर। देवसर बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। कल 13 सितंबर की सुबह से देवसर में वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान को लेकर प्रशासन ने आज शनिवार को बाजार क्षेत्र में अलाउंस कराकर दुकानदारों एवं अतिक्रमण करने वालों को अंतिम चेतावनी दी है। प्रशासन की ओर से लोगों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि मुख्य मार्ग सहित सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। इसके बाद प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

पीजी कॉलेज में बनेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम

सिंगरौली। जिला मुख्यालय बैढ़न के गनियारी में निर्माणाधीन पीजी कॉलेज परिसर में 400 सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण को एनसीएल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए एनसीएल द्वारा 12 करोड़ 18 लाख 31 हजार 490 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। गनियारी में विकसित हो रहे इस नए शैक्षणिक परिसर को आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त कैंपस के रूप में विकसित करने की दिशा में कलेक्टर द्वारा ऑडिटोरियम का प्रस्ताव तैयार कराया गया था। प्रस्ताव को एनसीएल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप अब इसे सीएसआर के तहत स्वीकृति प्राप्त हुई है। एनसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 22 अगस्त को हुई 320वीं बैठक में सीएसआर कमेटी की अनुशंसा पर इस परियोजना को मंजूरी दी गई है।

तीन आरोपियों से 28 .98 लीटर देशी शराब जब्त

सिंगरौली। जिले में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग एवं संभागस्तरीय उड़नदस्ता रीवा की टीम ने शनिवार को कार्रवाई की। वृत्त मोरवा और बैढ़न अंतर्गत सिल्फोरी एवं बिलौंजी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के साथ अवैध मदिरा बिक्री के ठिकानों पर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान राकेश गुर्जर, कौशल्या देवी खैरवार और रामनरेश शाह के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 28.98 बल्क लीटर देशी मदिरा, 1.98 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 8 बल्क लीटर बीयर तथा 5 लीटर हाथभट्ठी मदिरा बरामद की। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत करीब 22 हजार 396 रुपये बताई गई है। मामले में धारा 34(1)(क) के तहत कुल तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

रोजगार छिना तो सड़क पर उतरे भू-विस्थापित

बरगवां। अमिलिया नॉर्थ कोल ब्लॉक मझौली में रोजगार से वंचित किए गए भू-विस्थापित पिछले 33 दिनों से अपने हक के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। बरगवां तहसील के ग्राम पंचायत मझौली क्षेत्र में स्थापित अमिलिया नॉर्थ कोल ब्लॉक में वर्ष 2014 से कोयला खनन का कार्य किया जा रहा है। यहां जेपी कंपनी द्वारा 329 भू-विस्थापितों को रोजगार दिया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार जुलाई 2026 में कंपनी का संचालन अडानी समूह के पास आने के बाद 10 अगस्त से इन भू-विस्थापितों को काम से हटा दिया गया। भू-विस्थापितों का कहना है कि जमीन और मकान जाने के बाद रोजगार ही परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा था, लेकिन रोजगार छिनने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि धरना शुरू होने के बाद कंपनी और प्रशासन की ओर से कई बार समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक ठोस निराकरण नहीं हुआ। धरनारत लोगों ने रोजगार बहाल करने की मांग की है।

पदोन्नत निरीक्षकों का हुआ स्थानांतरण

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा उपनिरीक्षकों का पदोन्नति किया गया, जहां उन्हें निरीक्षक का तमंगा मिला है। पीएचक्यू के द्वारा स्थानांतरण किया गया है। सिंगरौली जिले से निरीक्षक उदय चंद्र करिहार का पीटीएस उमरिया,सूरज सिंह का एससीआरबी पीएचक्यू भोपाल एवं पवन कुमार सिंह का अजाक पीएचक्यू भोपाल स्थानांतरण हुआ है।

सोमवार को तीज-गणेश चतुर्थी का संयोग : एनपी

सुहागिनों के लिए अखंड सौभाग्य का अवसर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। दिन सोमवार 14 सितंबर को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन पड़ने से श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक संयोग बन रहा है।

शिवधाम मंदिर बैढ़न के महाप्रबंधक एवं ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र के अनुसार भाद्रपद मास में बना यह संयोग धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एक ओर सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखेंगी, वहीं घरों और पंडालों में भगवान गणेश की स्थापना के साथ गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा। पं. डॉ. श्री मिश्र ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि 14 सितंबर को सुबह 7 बजकर 6 मिनट तक रहेगी। इसके बाद शुक्ल चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी, जो 15 सितंबर को सुबह 7 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। तिथि परिवर्तन के कारण 14 सितंबर को तीज और गणेश चतुर्थी का विशेष संयोग बन रहा है। सोमवार होने से इस संयोग की धार्मिक महत्ता और बढ़ गई है। सोमवार भगवान शिव को समर्पित माना जाता है।

शिव-शक्ति के साथ विघ्नहर्ता की आराधना

हरतालिका तीज माता पार्वती की कठोर तपस्या और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने की आस्था से जुड़ा पर्व है। मान्यता के अनुसार इसी तपस्या की स्मृति में महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती का पूजन करती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना कर विघ्नों के निवारण, बुद्धि-विवेक, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की जाती है। पं. डॉ. श्री मिश्र ने कहा कि यह संयोग केवल तिथियों का मेल नहीं, बल्कि शिव-शक्ति और विघ्नहर्ता गणेश की आराधना का आध्यात्मिक संगम है। श्रद्धालु श्रद्धा, संयम और विधि-विधान से पूजन कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना करें।

तीन साल से ठप सुविधाएं, खुले में जाने को मजबूर लोग

स्टेडियम में भीड़,लेकिन शौचालयों की हालत बेहाल,नगर निगम से मरम्मत और नियमित देखरेख की मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। जिला मुख्यालय के प्रमुख राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में खेल और सार्वजनिक गतिविधियों के बीच मूलभूत सुविधाओं की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यहां बने सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से खराब पड़े हैं।

स्टेडियम के चारों कोनों में बनाए गए शौचालयों में यूरिनल सहित कई सुविधाएं खराब हो चुकी हैं। स्थानीय दुकानदारों और नियमित रूप से स्टेडियम आने वाले लोगों के अनुसार यह समस्या करीब तीन-चार वर्षों से बनी हुई है। शौचालय उपयोग के लायक नहीं होने से लोगों को खुले में जाने की मजबूरी बनी हुई है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में प्रशासनिक, सांस्कृतिक और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। खेल गतिविधियों के लिए बच्चे और युवा भी नियमित रूप से पहुंचते हैं। परिसर के आसपास बड़ी संख्या में दुकानें होने से दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद शौचालयों की स्थिति में लंबे समय से सुधार नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों के मुताबिक पूर्व में मरम्मत कराई गई थी, लेकिन काम पूरा नहीं होने से समस्या दोबारा बनी रही। वहीं स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने ननि से शौचालयों का तत्काल निरीक्षण कराकर खराब यूरिनल और अन्य सुविधाओं की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही नियमित सफाई, रखरखाव और मेंटेनेंस की स्थायी व्यवस्था करने की मांग उठाई गई है, ताकि खिलाड़ियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को परेशानी न हो।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पिता का दु :खद निधन

सिंगरौली 12 सितम्बर(एनबीएन)। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के जिला उपाध्यक्ष विनोद चौबे कचनी के पिता का आज अचानक दुखद निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पिता मोहन चौबे उम्र 62 वर्ष कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मोहन चौबे के दुखद निधन पर विधायक रामनिवास शाह, भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेन्द्र धर द्विवेदी, मुकेश तिवारी, डीएन शुक्ला, संदीप शुक्ला सहित अन्य ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

नौकरी के नाम पर लाखों की वसूली का आरोप : अमित

बेरोजगार युवाओं से दो से ढाई लाख लेने की शिकायत,सीएमडी से जांच की मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। एनसीएल में कार्यरत विभिन्न ओबी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से कथित रूप से लाखों रुपये की वसूली का मामला सामने आया है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित कुमार तिवारी ने एनसीएल सीएमडी को पत्र भेजकर जांच की मांग की है।

सीएमडी को भेजे पत्र में तिवारी ने आरोप लगाया है कि विभिन्न ओबी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर स्थानीय युवाओं से दो से ढाई लाख रुपये तक लिए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतें सही हैं तो रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं की मजबूरी का अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। पत्र में यह भी आशंका जताई गई है कि कथित वसूली में कुछ एनसीएल कर्मचारियों एवं अधिकारियों, ओबी कंपनियों के संचालकों तथा स्थानीय प्रभावशाली बिचौलियों की मिलीभगत हो सकती है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। श्री तिवारी ने एनसीएल को क्षेत्र का प्रधान नियोक्ता बताते हुए मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो।

निगरानी समिति ने सांदीपनि विद्यालय का किया भ्रमण

सिंगरौली 12 सितम्बर(एनबीएन)। जिला निगरानी समिति के सदस्य ने आज शनिवार को सांदीपनी विद्यालय, बरगवां का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने डीव्हीसी मान सिंह एवं हरिश्चंद्र सिंह के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर विद्यालय के संचालन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित पाया गया। विद्यालय में परीक्षाओं का संचालन भी व्यवस्थित रूप से होता पाया गया।

पुस्तकें बच्चों के भविष्य की नींव मजबूत करती हैं : डॉ .विवेकानंद

हिंडालको महान ने संदीपनी स्कूल को दी पुस्तकालय की सौगात, 2288 विद्यार्थियों को बांटे छाते

नवभारत न्यूज

बरगवां 12 सितम्बर। हिंडालको महान ने सीएसआर के तहत शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए संदीपनी हायर सेकेण्डरी स्कूल बरगवां में विद्यार्थियों के लिए सुसज्जित पुस्तकालय की सौगात दी।

इसी अवसर पर विद्यालय के 2288 छात्र-छात्राओं को छातों का वितरण भी किया गया। पुस्तकालय का उद्घाटन हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में पुस्तकालय उद्घाटन पट्टिका के अनावरण के बाद डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने पुस्तकालय कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तक अलमारियों, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध टैबलेट चेयर, पुस्तकों के रख रखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

शिक्षकों ने बताया की आधुनिक तरीको से बनाई गई पुस्तकालय बच्चो को आकर्षित कर रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि पुस्तकालय केवल किताबें रखने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को दिशा देने वाला केंद्र है।

विंध्याचल में दो दिवसीय मेंटरिंग कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 12 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में मेंटोरिंग द ब्रिज फ्रॉम एक्सपीरियंस टू एक्सीलेंस विषय पर दो दिवसीय मेंटरिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुल 56 मेंटर्स एवं मेंटीज ने सहभागिता की।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण, नेतृत्व विकास तथा भविष्य के लिए सक्षम प्रतिभाओं को तैयार करने में मेंटरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका को और सुदृढ़ करना था। कार्यशाला का संचालन रैपिड लर्निंग एंटरप्राइज के अजय अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने मेंटर्स एवं मेंटीज के लिए अलग-अलग तथा संयुक्त रूप से रोचक एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को केंद्रित अधिगम, सार्थक संवाद तथा मेंटर-मेंटी के बीच बेहतर समन्वय और सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता की मौजूदगी रही। यह कार्यक्रम एनटीपीसी के जन-केंद्रित दर्शन पीपल बिफोर पीएलएफ को प्रतिबिंबित करता है तथा मेंटरिंग को अनुभव और आकांक्षा के मध्य एक सशक्त सेतु के रूप में प्रस्तुत करता है।

मृत कर्मचारियों के आश्रित के समर्थन में लिपिक संघ

मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम के साथ विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 सितम्बर। म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ सिंगरौली ने मृत कर्मचारियों के, अनुकम्पा नियुक्ति सहायक ग्रेड-3 को नौकरी से न निकालने के समर्थन में आज मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा है। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह को भी ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि शासकीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उनके आश्रित के एक सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का उद्देश्य है कि दिवंगत शासकीय सेवक के परिवार के सदस्यों को समुचित भरण पोषण में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

आगे कहा है कि अनुकम्पा नियुक्ति में सीपीसीटी परीक्षा के अनिवार्यता के कारण प्रदेश के कई विभागो में मृत कर्मचारियों की अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त आश्रितो को सेवक से पृथक किया जा रहा है। ऐसे में उनके भरण पोषण पर संकट आ गया है। इस कार्रवाई को रोके जाने की मांग की है।

झुरही-सरई मार्ग पर बाइक सवार युवक घायल

सिंगरौली 12 सितम्बर(एनबीएन)। झुरही से सरई मार्ग पर आज शनिवार को एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। बताया गया कि घायल युवक गांगी-खरकटा क्षेत्र का रहने वाला है और अपनी ससुराल आया हुआ था। सूचना मिलने पर एंबुलेंस की सहायता से उसे उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर बैढ़न भेजा गया।

क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक ने किया चितरंगी महाविद्यालय का औचक निरीक्षण

समय पर मिले अधिकारी-प्राध्यापक,व्यवस्थाओं पर जताया संतोष,भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने पर जोर

नवभारत न्यूज

चितरंगी 12 सितम्बर। शासकीय जगन्नाथ सिंह स्मृति महाविद्यालय चितरंगी में वरिष्ठ अधिकारियों के औचक निरीक्षण से महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की स्थिति सामने आई।

रीवा एवं शहडोल संभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. महेंद्र मणि द्विवेदी तथा विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पाण्डेय ने महावि. का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और संस्थान के संचालन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं प्राध्यापक समय पर महावि. में उपस्थित मिले। इस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व और संस्था के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी अधिकारियों ने सराहना की। बैठक में अधिकारियों ने संस्था के चहुंमुखी विकास और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर चर्चा की। निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक को संस्था में अनुशासन, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा।